C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 13 | बिजौलिया - शुक्रवार,07 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## राजस्थान में निकाय अध्यक्षों का सीधा चुनाव नहीं होगा, पार्षद ही चुनेंगे मेयर-सभापति

### UDH राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा बोले- पहले सीधे चुनाव में विकास रुका, अब OBC आयोग की रिपोर्ट पर कैबिनेट करेगी फैसला

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान में नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिकाओं के मेयर, सभापति और पालिकाध्यक्ष का चुनाव पहले की तरह पार्षदों के माध्यम से ही होगा। स्वायत्त शासन (UDH) राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार निकाय अध्यक्षों के सीधे चुनाव की व्यवस्था लागू नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पहले हुए सीधे चुनाव के दौरान कई स्थानों पर चेयरपर्सन और पार्षद अलग-अलग दलों के चुने गए, जिससे पूरे कार्यकाल में खींचतान बनी रही और विकास कार्य प्रभावित हुए।

सीकर में भाजपा की संगठनात्मक बैठक से पहले मीडिया से बातचीत में खर्रा ने कहा कि सरकार ने अनुभव के आधार पर निर्णय लिया है कि पूर्व की व्यवस्था ही बेहतर है। इसलिए नगर निकायों में पार्षद ही अपने बीच से मेयर, सभापति और पालिकाध्यक्ष का चुनाव करेंगे।

निकाय और पंचायतीराज चुनावों में देरी के सवाल पर खर्रा ने कहा कि वर्ष 2021-22 में सुप्रीम कोर्ट ने OBC आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए थे, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई नहीं की। भाजपा सरकार बनने के बाद OBC आयोग का गठन किया गया और आरक्षण संबंधी आंकड़े जुटाने का कार्य शुरू हुआ।

उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) और बाद में जनगणना कार्य शुरू होने से मैनपावर की कमी आई, जिससे प्रक्रिया प्रभावित हुई। अब 5 अगस्त



को OBC आयोग ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सौंप दी है। 7 अगस्त को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में रिपोर्ट पर विचार कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

राज्यमंत्री ने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पिछले 31 महीनों में बिजली, पानी, सड़क, कानून-व्यवस्था और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर ऐतिहासिक कार्य हुए हैं तथा युवा, महिला, किसान और मजदूर सहित हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं।

**भाजपा ने चुनावी तैयारियां तेज कीं**

सीकर के जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित भाजपा की संगठनात्मक बैठक में प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी और निकाय चुनाव के संभाग प्रभारी शंकर सिंह राजपुरोहित सहित जिले के विधायक, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि भाजपा एक परिवार है और संगठन की ताकत कार्यकर्ताओं की एकजुटता में है। वहीं शंकर सिंह राजपुरोहित ने स्पष्ट किया कि निकाय और पंचायतीराज चुनावों में पार्टी का टिकट समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं को ही दिया जाएगा। बैठक के दौरान पदाधिकारियों से चुनावी तैयारियों को लेकर फीडबैक भी लिया गया।

## चंद्रभागा नदी में अवैध बजरी खनन पर पुलिस का बड़ा प्रहार, ट्रैक्टर-ट्रॉली, स्कॉर्पियो और तीन बाइक जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनित चपलोत**

जिले के गंगापुर थाना पुलिस ने संगठित अवैध बजरी खनन एवं परिवहन गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चंद्रभागा नदी क्षेत्र में दबिश देकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक स्कॉर्पियो और तीन मोटरसाइकिल जब्त की हैं। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ, अवैध बजरी खनन और अवैध हथियारों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा बुद्धराज एवं वृत्ताधिकारी गंगापुर सुदर्शन पालीवाल के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर बुधवार देर रात ग्राम खांखला स्थित चंद्रभागा नदी में दबिश दी गई। यहां संगठित गिरोह द्वारा नदी से अवैध बजरी का दोहन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर परिवहन किया जा रहा था। पुलिस को देखते ही कुछ लोग मौके से फरार हो गए, जबकि जगदीश जाट (26) निवासी उल्लाई, थाना गंगापुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने मौके से अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक स्कॉर्पियो एवं तीन मोटरसाइकिल जब्त कर मामला दर्ज किया है। आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त कर लिया गया है तथा पूरे अवैध बजरी गिरोह के नेटवर्क की जांच जारी है।

## राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई, नम आंखों से विदा हुए थाना प्रभारी लोकपाल सिंह


### पुलिस लाइन में गूंजी अंतिम सलामी, एसपी सहित अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित किए, पैतृक गांव में हजारों लोगों ने किए अंतिम दर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचन्द पेसवानी**

शहर के सदर थाना प्रभारी लोकपाल सिंह का गुरुवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सर्विस रिवॉल्वर से गोली लगने के बाद उपचार के दौरान उनके निधन से पुलिस महकमे और जिलेभर में शोक की लहर है। पुलिस लाइन में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में अधिकारियों और जवानों ने अंतिम सलामी देकर अपने साथी को भावभीनी विदाई दी।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि लोकपाल सिंह ने अपने सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन की जो मिसाल कायम की, उसे पुलिस विभाग सदैव याद रखेगा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,



पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस टुकड़ी ने शस्त्र झुकाकर राजकीय सलामी दी।मंगलवार शाम नाकाबंदी ड्यूटी पर रवाना होने से पहले नेहरू विहार स्थित राजकीय आवास पर उनकी सर्विस रिवॉल्वर से अचानक गोली चल गई, जो उनकी कनपटी में लगी। गंभीर हालत में उन्हें पहले महात्मा गांधी चिकित्सालय और बाद में ग्रीन कॉरिडोर के जरिए उदयपुर के गीतांजलि अस्पताल ले जाया गया,



जहां बुधवार सुबह उपचार के दौरान उनका निधन हो गया।

पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर भीलवाड़ा लाया गया, जहां पुलिस लाइन में अंतिम दर्शन के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव नान्दसी अजमेर ले जाया गया, जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में पुलिस अधिकारियों,



जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और हजारों ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

लोकपाल सिंह अपनी कर्तव्यनिष्ठा, निष्पक्ष कार्यशैली और सौम्य व्यवहार के लिए पुलिस महकमे में विशेष पहचान रखते थे। अधिकारियों ने उनके निधन को पुलिस विभाग के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि उनका समर्पित सेवाभाव युवा पुलिस अधिकारियों के लिए सदैव प्रेरणा बना रहेगा।

## अवैध बजरी पर पुलिस का बड़ा शिकंजा, 7 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

अवैध बजरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए देवलिया गांव के पास अवैध बजरी परिवहन में लगी 7 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं।

थानाधिकारी जय सुल्तान ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

इसी दौरान कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरी सात ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया गया।

## घर से लापता 8 वर्षीय मासूम का शव तालाब में मिला

### दूसरे दिन खोजबीन के दौरान मिला शव, डूबने की आशंका, गांव में पसरा मातम



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

थाना क्षेत्र के किशनगढ़ गांव में घर से लापता हुए 8 वर्षीय मासूम का शव गुरुवार सुबह तालाब में मिलने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, रामपाल मीणा का 8 वर्षीय पुत्र आकाश बुधवार शाम करीब 5 बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों और ग्रामीणों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

गुरुवार सुबह तालाब किनारे मासूम के कपड़े और चप्पल मिलने के बाद ग्रामीणों ने पानी में तलाश शुरू की। कुछ देर बाद तालाब के दूसरे छोर पर उसका शव बरामद हुआ। सूचना पर शक्करगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

प्रारंभिक जांच में मासूम की मौत तालाब में डूबने से होना सामने आया है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खस्ताहाल सड़क बनी मुसीबत, गड्ढे में गिरने से ओवरलोड पिकअप का एक्सल टूटा

### सवाईपुर-कोटड़ी मार्ग पर लगा वाहनों का जाम

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**सांवर वैष्णव**

सवाईपुर-कोटड़ी मार्ग की जर्जर सड़क गुरुवार को एक बार फिर हादसे का कारण बनी। गड्ढे में पहिया गिरने से एक ओवरलोड पिकअप का एक्सल टूट गया, जिससे वाहन बीच सड़क पर ही खड़ा हो गया और बड़े वाहनों का लंबा जाम लग गया।

जानकारी के अनुसार, पिकअप सवाईपुर से कोटड़ी की ओर जा रही थी। कोटा हाईवे से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले गड्ढों से भरी सड़क



पर अचानक वाहन का पहिया गहरे गड्ढे में गिर गया, जिससे एक्सल टूट गया। वाहन के बीच सड़क पर रुकने से दोनों ओर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। बाद में मिस्त्री बुलाकर पिकअप की मरम्मत कराई गई, तब जाकर यातायात सुचारु हो सका।

ग्रामीणों और वाहन चालकों ने आरोप लगाया कि उक्त मार्ग लंबे समय से बदहाल है। जगह-जगह बने गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं और वाहन खराब होने की घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने संबंधित विभाग से सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

C M Y K

# महेश्वरी महिला मंडल ने बनाई हरियाली अमावस्या महोत्सव की रूपरेखा

**ग्रीन थीम के साथ होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण का दिया जाएगा संदेश**



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान भवन में आयोजित माहेश्वरी महिला मंडल की द्वितीय साधारण बैठक में आगामी हरियाली अमावस्या महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

मंडल अध्यक्ष अनुपमा मंत्री ने आगामी आयोजनों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष महोत्सव की थीम 'ग्रीन रानी' रखी गई है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश देना है। सचिव मधु हिंगड़ ने बताया कि महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, ज्ञानवर्धक खेल, मनोरंजक प्रतियोगिताएं, सरप्राइज एक्टिविटीज तथा श्रावण और हरियाली पर आधारित नृत्य-नाटिकाएं आयोजित की जाएंगी।

बैठक में छोटी तीज पर माहेश्वरी समाज की महिलाओं के सामूहिक उद्यापन तथा पिकनिक कार्यक्रम पर भी सहमति बनी। संरक्षक मधु लढ़ा ने बताया कि बैठक में करीब 45 सदस्याओं ने भाग लेकर कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए।

बैठक में मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्याएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# जहाजपुर को मिली विकास परियोजनाओं की सौगात, मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने किए शिलान्यास व लोकार्पण

**पीडब्ल्यूडी कार्यालय, फल-सब्जी मंडी और पेयजल परियोजना का शिलान्यास, सड़क, जलाशय व कक्षा-कक्षों का लोकार्पण**





**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने गुरुवार को जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न जनहितकारी विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति दी जा रही है।



मंत्री चौधरी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय, फल एवं सब्जी मंडी तथा नगर पालिका क्षेत्र की पेयजल सुदृढ़ीकरण परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी, किसानों को बेहतर विपणन सुविधा मिलेगी तथा पेयजल आपूर्ति में सुधार होगा।

कार्यक्रम के दौरान बोराणी स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में चार नए कक्षा-कक्षों, बोराणी- सहलादाता सीसी सड़क, सरसिया के 2000 केएल उच्च जलाशय एवं पाइपलाइन तथा पीपलूंद में डीएमएफटी मद से निर्मित पाइपलाइन कार्य का लोकार्पण भी किया गया।

विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि इन विकास कार्यों से शिक्षा, सड़क, पेयजल और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी तथा विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।

कार्यक्रम में निवर्तमान प्रधान कौशल किशोर शर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष नरेश मीणा, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# निकाय व पंचायत चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराएं : राज्य निर्वाचन आयुक्त

**वीडियो कॉन्फ्रेंस में तैयारियों की समीक्षा, मतदाता सूची, मतदान केंद्र और सुरक्षा व्यवस्था समय पर पूरी करने के निर्देश**



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनावों की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सभी जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में कराए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता को निर्भीक होकर मतदान का अवसर मिलना चाहिए तथा आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने मतदाता सूची का समय पर अद्यतन, मतदान केंद्रों की स्थापना, कार्मिकों के प्रशिक्षण, निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता तथा संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आदर्श आचार संहिता की प्रभावी पालना और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर भी जोर दिया। बैठक में मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, छाया, शौचालय, रैंप और व्हीलचेयर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राजेश वर्मा ने चुनाव तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण देते हुए समयबद्ध कार्ययोजना और आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। इस दौरान जिला कलेक्टरों ने अपने-अपने जिलों की तैयारियों से अवगत कराया, जिस पर राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

# नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति

**केंद्रीय संचार ब्यूरो ने एमबी नर्सिंग कॉलेज में चलाया जागरूकता अभियान**

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा द्वारा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के तहत माँ भारती एमबी नर्सिंग कॉलेज में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया।

मुख्य अतिथि उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल ने कहा कि नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने और समाज को भी जागरूक करने का आह्वान किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू किए गए 100 सप्ताह के इस अभियान के तहत देशभर में एक करोड़ से अधिक युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।




कार्यक्रम में मेरा भारत युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी सचिन पटोदिया, महाविद्यालय के निदेशक दिनेश विजय तथा प्राचार्य मंथन तिवारी ने भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधिकारी, स्वयंसेवक, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक नींबू के अचार की बिक्री शुरू




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कृषि विज्ञान केंद्र, भीलवाड़ा में ग्रामीण कृषि कार्यानुभव (रावे) के छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मौसमी फलों के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के तहत प्राकृतिक नींबू का अचार तैयार किया गया है। यह कार्य वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.एम. यादव तथा वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता डॉ. लालचंद कुमावत के मार्गदर्शन में किया गया।

डॉ. यादव ने बताया कि केंद्र के प्रदर्शन फार्म में उत्पादित नींबू से शुद्ध सरसों के तेल और प्राकृतिक मसालों का उपयोग कर अचार तैयार किया गया है। यह पाचन क्रिया में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा विटामिन-सी, आयरन और पोटेशियम का अच्छा स्रोत है।

लेखाधिकारी अजित सिंह राठौड़ ने बताया कि प्राकृतिक नींबू का अचार 200 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर केंद्र से कार्यालय समय में उपलब्ध रहेगा। वहीं रावे के विद्यार्थियों ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत केंद्र परिसर में 400 बांस के पौधे भी लगाए।

# संयम, स्वाध्याय और गुरु-निष्ठा से बनते हैं युगप्रभावी व्यक्तित्व : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

गुरुआनंद जन्मोत्सव के नवदिवसीय कार्यक्रम के तहत शांतिभवन में आयोजित विशाल धर्मसभा में श्रमण संघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने कहा कि जिनशासन का सौभाग्य है कि उसे आचार्य आनंद ऋषिजी महाराज और मालवकेसरी सौभाग्यमुनिजी महाराज जैसी युगप्रभावी विभूतियां मिलीं। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों का व्यक्तित्व संयम, स्वाध्याय, गुरु-निष्ठा और कठोर साधना का परिणाम था, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

युवाचार्यश्री ने आचार्य आनंद ऋषिजी के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि बाल्यकाल से ही उनकी ज्ञान-पिपासा, अनुशासन और अध्ययनशीलता ने उन्हें महान आचार्य बनाया। उन्होंने कहा कि केवल ज्ञान अर्जित करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका निरंतर मनन और अभ्यास ही व्यक्ति के जीवन को संस्कारित करता है।





उन्होंने मालवकेसरी सौभाग्यमुनिजी महाराज के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने विनम्रता, संगठन, सेवा और साधर्मिक समर्पण से जिनशासन को नई ऊर्जा प्रदान की। उनका जीवन सिखाता है कि वास्तविक नेतृत्व अधिकार से नहीं, बल्कि सेवा और आत्मीय व्यवहार से स्थापित होता है।

सभा से पूर्व साध्वी चिंतनश्रीजी ने आत्मपरिवर्तन और सकारात्मक मनोस्थिति पर प्रवचन देते हुए कहा कि वास्तविक आनंद आत्मचिंतन और मोक्ष मार्ग से प्राप्त होता है।

शांतिभवन के मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि आनंद सिद्धीतप की आराधना में संलग्न 175 तपस्वियों ने युवाचार्यश्री से आयंबिल तप के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। धर्मसभा में भीलवाड़ा सहित महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कुएं में गिरने से किसान की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**सांवर वैष्णव ।** क्षेत्र के निकटवर्ती बन का खेड़ा गांव में खेत पर बने कुएं में गिरने से एक किसान की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सवाईपुर चौकी पुलिस के अनुसार, मथुरा जाट (57) खेत पर गए हुए थे। इसी दौरान कुएं के पास अचानक पैर फिसलने से वे कुएं में गिर गए। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने घटना की सूचना परिजनों और ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकालकर तत्काल कोटड़ी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक अपने पीछे एक पुत्र सहित परिवार को छोड़ गए हैं।





QUICK BITES

## हाजी सत्तार फौजदार बने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के बिजोलिया ब्लॉक अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**शुभम ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एमडी चोपदार द्वारा हाजी सत्तार फौजदार को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का बिजोलिया ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

नियुक्ति की घोषणा के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हाजी सत्तार फौजदार का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगठन को मजबूत बनाने और अल्पसंख्यक समाज के बीच कांग्रेस की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर भी चर्चा की गई।

स्वागत कार्यक्रम में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अंकित तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष अनिल राव, सेवादल जिला महासचिव रणजीत सिंह कानावत, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश खटीक, जिला सचिव विशाल तिवारी, मुकेश पेंटर, बंटी भाई, महेंद्र सिंह, शाहिद करी सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत बिजोलिया में हुआ पौधारोपण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवाड़ी**

पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजोलिया परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप सिंह, पौधारोपण प्रभारी सुलेश चित्तौड़ा, स्टाफ साथी महावीर रेगर, शिवलाल धोबी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण, एसडीएमसी (स्ड्डस्ष्ट) के सम्मानित सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह एवं समर्पण के साथ मिलकर पौधे लगाए। सभी ने रोपे गए पौधों की सुरक्षा और उनकी नियमित देखरेख का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य दिलीप सिंह ने अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही हमारे जीवन का आधार हैं। अपनी मां के सम्मान में लगाया गया पौधा न केवल पर्यावरण को शुद्ध बनाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अनमोल उपहार सिद्ध होगा।

पौधारोपण प्रभारी सुलेश चित्तौड़ा एवं उपस्थित स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने भी अपनी मां के नाम पर उत्साहपूर्वक पौधे रोपे और प्रकृति की रक्षा करने का वचन दिया।

कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी, एसडीएमसी के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सावर में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू, ग्राम पंचायत व नगरपालिका के मामलों की उच्चस्तरीय जांच की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

**(दिलखुश)** अजमेर जिले के सावर कस्बे में तत्कालीन ग्राम पंचायत एवं वर्तमान नगरपालिका से जुड़े विभिन्न मामलों की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर गुरुवार से युवा नेता दुर्गेश प्रजापत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने नगरपालिका भवन के बाहर टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से पांच सूत्रीय मांगों पर निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की।




धरनार्थियों का कहना है कि लगभग दो वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत से नगरपालिका बनने के बाद से कई मामलों को लेकर लगातार विवाद और आरोप-प्रत्यारोप सामने आते रहे हैं। इसी क्रम में अब ग्रामीणों ने विभिन्न कथित अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर आंदोलन का रास्ता अपनाया है। ग्रामीणों ने अपनी मांगों में कहा कि नगरपालिका के रिकॉर्ड रूम में लगी आग की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों और सरकारी अभिलेखों एवं संपत्ति को हुए नुकसान की सच्चाई सामने आ सके।

इसके अलावा उन्होंने आरोप लगाया कि नगरपालिका की सरकारी भूमि के कथित बेचान तथा अवैधानिक तरीके से ग्रेवल सड़क निर्माण की भी निष्पक्ष जांच कराई जाए। धरनार्थियों का यह भी आरोप है कि एक ही दिन में नियमों के विपरीत 100 से अधिक पट्टे जारी किए गए, जिसकी जांच आवश्यक है।

धरने पर बैठे ग्रामीणों ने गोशाला के नाम पर आवंटित भूमि, उस पर हुए कथित अतिक्रमण तथा तत्कालीन ग्राम पंचायत द्वारा आय बढ़ाने के उद्देश्य से बनाई गई दुकानों के किराया निर्धारण एवं वसूली में हुई कथित अनियमितताओं की भी जांच कराने की मांग उठाई।

धरनार्थियों ने कहा कि जब तक उनकी पांच सूत्रीय मांगों पर ठोस कार्रवाई और उच्चस्तरीय जांच के आदेश जारी नहीं होते, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। वहीं उन्होंने राज्य सरकार एवं जिला कलेक्टर अजमेर से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

# थल कला-ठिठोड़ा सड़क निर्माण में देरी पर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

## ग्रामीण , किसान पहुंचे तहसील कार्यालय, जिला कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।

थल कला-ठिठोड़ा निर्माणाधीन सड़क को शीघ्र पूर्ण कराने, निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराने तथा ग्राम पंचायत सरथला के देवपुरिया संपर्क मार्ग पर ग्रेवल सड़क एवं पुलिया निर्माण की मांग को लेकर गुरुवार को क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों, श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियों ने काछोला तहसील कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।



ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष पूर्व शुरू हुआ था, लेकिन पिछले छह-सात महीनों से निर्माण पूरी तरह ठप पड़ा है। अधूरी सड़क पर केवल बजरी और मिट्टी डालकर छोड़ देने से बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन जाती है, जबकि अन्य दिनों में धूल, गड्ढों और उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी विद्यालयों तक पहुंचते हैं, किसान अपनी उपज लेकर आवागमन करते हैं तथा श्रद्धालु और ग्रामीण भी नियमित रूप से गुजरते हैं। खराब सड़क के कारण दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है।

ज्ञापन में राजपुरा क्षेत्र में निर्मित सीसी सड़क की तकनीकी एवं गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराने तथा निर्माण कार्य में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही ग्राम पंचायत सरथला के देवपुरिया संपर्क मार्ग पर शीघ्र ग्रेवल सड़क एवं पुलिया का निर्माण कर बरसात के दौरान होने वाली आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग भी उठाई गई।

ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी सात दिनों के भीतर सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया तो क्षेत्रवासी जनहित में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल एवं लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रशासक सरथला बर्मा लाल कंजर, जीएसएस अध्यक्ष राधेश्याम कंजर, धर्मराज गुर्जर, अभिषेक दाधीच, सुरेश धाकड़, नंदकिशोर पराशर, शंकर धाकड़, ओम धाकड़, सुरेंद्र सिंह, सूर्यप्रकाश सेन, सूरज भाटी, बालू लाल गुर्जर, राहुल पांचाल, रतन धाकड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की 113 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी घोषित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. चोपदार के निर्देशानुसार भीलवाड़ा ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष इकबाल मोहम्मद शाह ने 113 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी एवं विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्षों की घोषणा की।



जिला अध्यक्ष इकबाल मोहम्मद शाह ने बताया कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं और अनुभवी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। ब्लॉक अध्यक्षों में शाहपुरा से रज्जाक मोहम्मद, गुलाबपुरा से इमरान कुरेशी, बीगोद से सलाम लोहार, फुलियाकलां से आजाद मोहम्मद, कोटड़ी से इमरान मोहम्मद मेवाती, बागोर से अनार मोहम्मद, रायपुर से जमील खान पठान, बनेड़ा से निसार खान, बिजोलिया से सत्तार फौजदार, सहाड़ा से इकबाल मोहम्मद तथा मांडल से रज्जाक रंगरेज को नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा जिला उपाध्यक्ष, महासचिव एवं नगर अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर भी नियुक्तियां की गई हैं। इकबाल मोहम्मद शाह ने कहा कि नई टीम संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष जफर हुसैन टांक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा व्यक्त की।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित, 109 लोगों की हुई आंखों की जांच

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।

**परमेश्वर।** राम स्नेही चिकित्सालय अनुसंधान केंद्र, भीलवाड़ा के तत्वावधान में गुरुवार को कस्बे के प्रताप चौक स्थित चेतन ऑप्टिकल पर निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतिभा छीपा एवं उनकी टीम ने 109 लोगों की आंखों की जांच कर निःशुल्क परामर्श प्रदान किया। जांच के दौरान मोतियाबिंद, ग्लूकोमा सहित अन्य नेत्र रोगों की जांच की गई तथा आवश्यकता अनुसार मरीजों को आगे के उपचार के लिए चिकित्सकीय सलाह दी गई।

शिविर में बनेड़ा दरबार गोपाल चरण सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने ऐसे जनहितकारी स्वास्थ्य शिविरों की सराहना करते हुए कहा कि समय पर आंखों की जांच कराने से कई गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है।



आयोजक चेतन ऑप्टिकल के ऑनर एवं भाजपा नेता रामेश्वर लाल बैरवा ने बताया कि शिविर में कुल 109 लोगों की आंखों की जांच कर निःशुल्क परामर्श दिया गया। जिन मरीजों को आगे उपचार या ऑपरेशन की आवश्यकता थी, उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेकर आगे की चिकित्सा कराने की सलाह दी गई।

इस दौरान मुरली मनोहर व्यास, दिनेश डांगी, प्रहलाद राय शर्मा, ओमप्रकाश छीपा, शब्बरुद्दीन, अजय सेन, चतुर्भुज पारीक, जीवन बैरवा, अधिवक्ता किशन लाल जीनगर, असलम, शांति माली, रिंकू प्रजापत एवं सुशीला सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

# बिजोलिया रोडवेज बस स्टैंड पर बसों का ठहराव शुरू करने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

ऊपरमाल पर्यावरण समिति के उपाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने जिला कलक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नगर स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर सभी रोडवेज बसों का नियमित ठहराव सुनिश्चित कराने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि स्टेट हाईवे-29 पर स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके बावजूद अधिकांश रोडवेज बसें बस स्टैंड के भीतर नहीं जाकर हाईवे एवं तेजाजी चौक पर ही रुकती हैं।




शर्मा ने कहा कि इससे तेजाजी चौक पर बार-बार जाम की स्थिति बनती है, यात्रियों को बस पकड़ने के लिए सड़क पर दौड़ना पड़ता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई यात्री मजबूरी में निजी वाहनों का उपयोग करते हैं, जिससे रोडवेज को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

शर्मा ने मांग की कि रोडवेज टिकट वितरण की व्यवस्था भी पुनः बस स्टैंड से शुरू की जाए, ताकि यात्रियों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं मिल सकें।

ज्ञापन में जिला प्रशासन से बस स्टैंड पर सभी रोडवेज बसों का ठहराव सुनिश्चित करने तथा टिकट व्यवस्था बहाल करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की गई है।



# अपने अवगुणों को पहचानने से ही मिलेगी आत्मकल्याण की राह : आचार्य रामदयालजी महाराज

## विश्व शांति कल्याण चातुर्मास के सत्संग में दिया कृतज्ञता, विनम्रता और आत्मचिंतन का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचन्द पेसवानी**





अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगद्गुरु आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने कहा कि मनुष्य जब तक अपने भीतर के अवगुणों को पहचानकर उनका त्याग नहीं करेगा, तब तक आत्मकल्याण और वास्तविक मुक्ति का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकता। वे गुरुवार को आयोजित 'विश्व शांति कल्याण' चातुर्मास के दैनिक सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

आचार्यश्री ने कहा कि मनुष्य अपने गुणों का बखान और दूसरों के दोषों की चर्चा करने में जीवन व्यतीत करता है, जबकि आत्मोन्नति के लिए आत्मचिंतन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वयं को श्रेष्ठ मानना उचित हो सकता है, लेकिन स्वयं को ही सर्वश्रेष्ठ मानना अहंकार और अज्ञान का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि जीवन में किसी के छोटे से छोटे उपकार को भी सदैव स्मरण रखना चाहिए। माता-पिता, गुरु, वेद और शास्त्रों में दोष देखने वाला व्यक्ति कृतघ्न कहलाता है तथा कृतघ्नता से बड़ा कोई पाप नहीं है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कृतज्ञता, विनम्रता और सेवा भाव को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया।आचार्य रामदयालजी महाराज ने कहा कि प्रकृति के अनुरूप जीवन जीने वाला व्यक्ति ही परमात्मा के निकट पहुंच सकता है। उन्होंने विभिन्न दृष्टांतों के माध्यम से धर्म के सिद्धांतों को सरलता से समझाते हुए कहा कि सिद्धांत और व्यवहार का समन्वय ही जीवन को सार्थक बनाता है।

सत्संग से पूर्व संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन किया। प्रवचन के बाद श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन प्रातः 8:30 से 9 बजे तक रामधुनी एवं वाणीजी का पाठ, 9 से 10 बजे तक सत्संग, तथा सायंकाल संध्या आरती और युवा संत रामजस ईडर द्वारा भक्तमाल कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों में भीलवाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

# वाकपीठ संगोष्ठी में शिक्षा सुधार का मंथन, गुणवत्ता व नवाचार पर दिया जोर

## शाहपुरा में संस्था प्रधानों की द्विदिवसीय संगोष्ठी, विधायक डॉ. लालराम बैरवा बोले शिक्षक ही गढ़ते हैं राष्ट्र का भविष्य





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचन्द पेसवानी**

नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर शाहपुरा स्थित सेन समाज धर्मशाला में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संस्था प्रधानों की द्विदिवसीय सत्रारंभ वाकपीठ संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार, नैतिक मूल्यों और नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर मंथन किया गया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. लालराम बैरवा ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षित नहीं करता, बल्कि राष्ट्र का भविष्य गढ़ता है। उन्होंने संस्था प्रधानों से नवाचार, तकनीक आधारित शिक्षण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत प्राथमिक शिक्षा ही विकसित भारत की नींव है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) रामेश्वर प्रसाद जिनगर ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि जिम्मेदार और संस्कारित नागरिक तैयार करना है। उन्होंने विद्यालयों में अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण विकसित करने पर बल दिया।

विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जगजीतेंद्र ने नई शिक्षा नीति, शैक्षणिक नवाचार, शत-प्रतिशत नामांकन, नियमित उपस्थिति और सीखने के परिणामों में सुधार के लिए संस्था प्रधानों को मार्गदर्शन दिया।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं वाकपीठ संरक्षक सत्यनारायण कुमावत ने विद्यालयों में टीम भावना, समुदाय की सहभागिता और लक्ष्य आधारित कार्य संस्कृति अपनाने का आह्वान किया। वाकपीठ अध्यक्ष सच्चिदानंद टेलर ने कहा कि ऐसे आयोजन अनुभवों के आदान-प्रदान और बेहतर कार्यप्रणाली विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं।

संगोष्ठी में शैक्षणिक गुणवत्ता, ड्रॉपआउट रोकने, डिजिटल शिक्षा, भाषा एवं गणितीय दक्षता, सतत मूल्यांकन, विद्यालय प्रबंधन समितियों की भूमिका तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। संस्था प्रधानों ने अपने विद्यालयों में किए गए नवाचार और सफल प्रयोग भी साझा किए।

कार्यक्रम में पूर्व प्रधान गोपाल गुर्जर, राजेंद्र बोहरा, पंकज सुगंधी, महावीर सैनी, जितेंद्र पाराशर सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, संस्था प्रधान, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 'भारत के नारी रत्न' पुस्तक में पन्नाधाय के परिचय पर आपत्ति, गुर्जर महासभा ने सौंपा ज्ञापन

## पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर के नेतृत्व में प्रदर्शन, ऐतिहासिक तथ्यों के अनुरूप संशोधन की मांग





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचन्द पेसवानी**

राजस्थान गुर्जर महासभा ने केंद्र सरकार के प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'भारत के नारी रत्न' में वीरांगना पन्नाधाय के जातीय परिचय को लेकर आपत्ति जताते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन पूर्व मंत्री एवं महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कालूलाल गुर्जर के नेतृत्व में दिया गया।ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2022 के आठवें पुनर्मुद्रण में प्रकाशित पुस्तक के पृष्ठ संख्या 8 पर पन्नाधाय के जीवन परिचय में उनकी ऐतिहासिक पहचान और जातीय परिचय को बदलकर प्रस्तुत किया गया है। महासभा का आरोप है कि यह विवरण ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत है, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। कालूलाल गुर्जर ने कहा कि पन्नाधाय का बलिदान भारतीय इतिहास का अमर अध्याय है और उनकी ऐतिहासिक पहचान में किसी प्रकार का परिवर्तन उचित नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से पुस्तक में प्रकाशित तथ्यों की निष्पक्ष समीक्षा कर ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुरूप आवश्यक संशोधन कराने की मांग की। महासभा ने यह भी आग्रह किया कि भविष्य में इतिहास से जुड़े महापुरुषों और विभूतियों पर आधारित सरकारी प्रकाशनों में तथ्यात्मक शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों से परीक्षण कराया जाए, ताकि अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

ज्ञापन सौंपने के दौरान अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद धाबाई, पन्नाधाय सेवा संस्थान करेड़ा के अध्यक्ष लाखाराम गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष शंकरलाल गुर्जर, जिलाध्यक्ष मोहनलाल सराधना, राधेश्याम भड़ाना, नारायणलाल काकड़ा, गोपाल गुर्जर, भंवरलाल हरल, राधेश्याम गुढ़ा, शांतिलाल जिंदल सहित संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।


# दिल्ली में गौ सम्मान आह्वान अभियान की समीक्षा बैठक, भीलवाड़ा से भी पहुंचे गौभक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**

**दिनेश।** देश की राजधानी दिल्ली के पीतमपुरा स्थित गोल्डन एप्पल बैंक्वेट में गौ सम्मान आह्वान अभियान की अखिल भारतीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तथा इसमें देशभर के 790 जिला, संभाग एवं राज्य प्रभारियों ने भाग लिया।

मलूक पीठ के पीठाधीश राजेंद्रदास महाराज ने शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए अभियान की आगामी कार्ययोजना एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। बैठक में प्रथम एवं द्वितीय चरण की समीक्षा के साथ तृतीय चरण के तहत विभिन्न राज्यों की राजधानियों में सौंपे जाने वाले प्रार्थना पत्र की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

बैठक में विभिन्न राज्यों के संत-महात्माओं के साथ भीलवाड़ा जिले से अभियान के जिला प्रभारी जगदीश तेली, भंवर खारोल, तुलसी जाट, दुर्गेश बैरवा, शिव सहित अनेक गौभक्त शामिल हुए।



## QUICK BITES

# राष्ट्रीय सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता के लिए प्रताप सिंह राणावत बने राजस्थान टीम के मैनेजर

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**



जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 6 से 9 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता के लिए राजस्थान तैराकी संघ ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रतियोगिता के लिए संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने अनुभवी खेल प्रशासक प्रताप सिंह राणावत को राजस्थान टीम का मैनेजर नियुक्त किया है।

प्रतियोगिता में राजस्थान की ओर से आठ प्रतिभाशाली तैराक अपनी चुनौती पेश करेंगे। टीम में प्रतीक कुरिया, ह्रदय भोजवानी, मोहित सामोता, अंशिका धाकड़, अश्विका चौधरी, अमन सामोता, देव शर्मा एवं यश तिवारी का चयन किया गया है। सभी खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।


राजस्थान तैराकी संघ ने विश्वास जताया है कि टीम मैनेजर प्रताप सिंह राणावत के अनुभव और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के बल पर राजस्थान इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा। प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों के श्रेष्ठ सब जूनियर तैराक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

प्रताप सिंह राणावत की टीम मैनेजर नियुक्ति पर तैराकी जगत एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। वहीं चयनित खिलाड़ियों को भी राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का नाम रोशन करने के लिए बधाई देते हुए शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई गई है।

# शाहपुरा के भाई-बहन प्रशिक्षकों ने दिलाई मेयो स्कूल को 7 पदकों की सफलता

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**



मध्यप्रदेश के विदिशा-भोपाल में आयोजित वेस्ट ज़ोन सीबीएसई तैराकी प्रतियोगिता में अजमेर के मेयो स्कूल ने 1 स्वर्ण, 1 रजत सहित कुल 7 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। इस सफलता के पीछे शाहपुरा के भाई-बहन प्रशिक्षक शाहिस्ता नाज़ कायमखानी और आसिफ खान कायमखानी की मेहनत और कुशल प्रशिक्षण की अहम भूमिका रही। प्रतियोगिता में सैयद आतिफ़ चिश्ती ने स्वर्ण, सैयद मोइनुद्दीन चिश्ती ने रजत व कांस्य पदक जीते, जबकि रिले स्पर्धाओं में भी मेयो स्कूल की टीम ने कांस्य पदक हासिल किए। पिछले तीन वर्षों से दोनों प्रशिक्षक खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीक के साथ प्रशिक्षण दे रहे हैं।

विद्यालय के प्राचार्य संजय खाती और मेयो कॉलेज जनरल काउंसिल ने खिलाड़ियों के साथ दोनों प्रशिक्षकों को बधाई दी। शाहपुरा में इस उपलब्धि पर हर्ष का माहौल है और समाज के लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# कैंसर जागरूकता संगोष्ठी 9 अगस्त को, विशेषज्ञ देंगे बचाव व उपचार की जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी**



भारत विकास परिषद, शाखा शाहपुरा के तत्वावधान में रविवार को कैंसर रोग बचाव, जागरूकता एवं उपचार विषय पर जनजागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी का उद्देश्य आमजन को कैंसर के शुरुआती लक्षण, बचाव, समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक करना है।

परिषद के अध्यक्ष पवन बांगड़ ने बताया कि कार्यक्रम अपराह्न 4 बजे आदर्श विद्या मंदिर, गांधीपुरी, शाहपुरा में आयोजित होगा। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता वैद्य हंसराज चौधरी, संस्थापक अध्यक्ष, श्री नवग्रह आश्रम सेवा संस्थान, मोतीबोर का खेड़ा (रायला) होंगे। वे कैंसर के जोखिम कारकों, बचाव के उपाय, संतुलित जीवनशैली और उपलब्ध उपचार विकल्पों पर विस्तृत जानकारी देंगे।

आयोजकों ने बताया कि समय पर पहचान और जांच से कैंसर के उपचार की सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है। इसलिए जनजागरूकता इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है।

भारत विकास परिषद ने इसे जनहित का महत्वपूर्ण आयोजन बताते हुए शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त करने और कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

# 700 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर सिंगोली श्याम चारभुजा धाम पहुंचे शिवराज गाडरी, समाजजनों ने किया भव्य स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**



**(रोशन)** महाराष्ट्र के नासिक जिले की सताना तहसील से सिंगोली श्याम चारभुजा धाम तक करीब 700 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर पहुंचे शिवराज गाडरी (मुरलिया) का समाजजनों एवं श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। धाम पहुंचने पर गाडरी समाज के लोगों ने साफा पहनाकर एवं पुष्पमालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, भाजपा युवा नेता भेरूलाल गाडरी, समाज सेवा समिति अध्यक्ष महेंद्र गाडरी, रामलाल गाडरी, सतू, कालू, दीपकजी, गोपाल, कैलाश, सीताराम तथा कमलेश गाडरी सहित गाडरी समाज के पदाधिकारी, गांव के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने शिवराज गाडरी की कठिन पदयात्रा की सराहना करते हुए इसे श्रद्धा, आस्था और दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया। स्वागत समारोह के दौरान चारभुजा धाम परिसर जयकारों से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।